## 1. 15वां G20 शिखर सम्मेलन

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 21-22 नवंबर 2020 को सऊदी अरब द्वारा आयोजित 15वें G20 शिखर सम्मेलन में भाग लिया।
- इस शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय सभी को 21वीं सदी में अवसर प्रदान करना था। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से COVID-19 महामारी से निपटने पर अधिक ध्यान केन्द्रित किया गया।
- इस शिखर सम्मेलन के मुख्य एजेंडा के अनुसार कोविड महामारी पर काबू पाने, आर्थिक सुधार लाने और नौकरियों को बहाल करने तथा एक समावेशी, स्थायी और लचीला भविष्य बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।
- **G-20 के बारे में तथ्य:**

  **स्थापना:** 26 सितंबर 1999

  **सदस्य:** 20

  (अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, संयुक्त राज्य किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ(
- **नोट:** यह इस वर्ष )2020) की दूसरी G20 बैठक है। पहली G20 असाधारण नेताओं की शिखर बैठक इस साल मार्च )2020) में आयोजित की गई थी।
- इटली को दिसंबर 2021 में G-20 देशों की अध्यक्षता मिलेगी। जबकि 2022 में भारत G-20 की अध्यक्षता करेगा।
- भारत सऊदी अरब के साथ **G20 ट्रोइका** में प्रवेश करेगा, जब इटली 1 दिसंबर, 2020 को G-20 की अध्यक्षता लेगा।
- निरंतरता और एकरूपता को बनाए रखने के लिए, **'ट्रोइका'** नामक एक प्रणाली को डिज़ाइन किया गया है जहां तीन देश पूर्व -, वर्तमान और भविष्य के अध्यक्षता धारक, निकट सहयोग और एक दूसरे के साथ बातचीत में काम करते हैं।

## 2. सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज

- आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री हरदीप सिंह पुरी ने 243 शहरों में सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज शुरू किया।
- विश्व शौचालय दिवस-19 नवम्बर के अवसर पर शुरू किए गए सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज का उद्देश्य सीवरों और सेप्टिक टैंकों की खतरनाक सफाई को रोकना और उनकी मशीन से सफाई को बढ़ावा देना है।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

- प्रतिभागी शहरों का मूल्यांकन मई 2021 में एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा किया जाएगा और उसके परिणाम 15 अगस्त 2021 को घोषित किए जाएंगे। शहरों को तीन उप-श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा- 10 लाख से अधिक की आबादी के साथ, 3 से 10 लाख की आबादी और 3 लाख तक की आबादी वाले शहर। सभी श्रेणियों में आने वाले विजेता शहरों को मिलने वाली कुल पुरस्कार राशि 52 करोड़ रुपये होगी।
- **नोट:** मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोजगार का निषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम (2013) और माननीय उच्चतम न्यायालय के विभिन्न निर्णय स्पष्ट रूप से खतरनाक एवं हानिकारक सफाई गतिविधियों पर प्रतिबंधित लगाते हैं यानी कि कोई भी व्यक्ति सुरक्षात्मक उपकरण धारण किए बिना किसी सेप्टिक टैंक या सीवर में प्रवेश नहीं कर सकता है।

### 3. त्रिपक्षीय शांतिकालीन युद्धाभ्यास SITMEX-20

- भारतीय नौसेना के स्वदेश निर्मित ASW कोर्वेट कामोरता और मिसाइल कोर्वेट करमुख पोत ने भारत, सिंगापुर और थाईलैंड के त्रिपक्षीय शांतिकालीन युद्धाभ्यास SITMEX-20 के दूसरे संस्करण में भाग लिया। जो अंडमान सागर में 21-22 नवम्बर, 2020 को संपन्न हुआ।
- 2020के संस्करण के अभ्यास का आयोजन रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर नेवी )RSN (ने किया है।
- SITMEX-20 श्रृंखला के यह अभ्यास भारतीय नौसेना (IN), रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर नेवी )RSN (और रॉयल थाई नेवी )RTN (के बीच परस्पर श्रेष्ठ सहयोग और अंतर संचालन क्षमता के विकास के लिए आयोजित किए जाते हैं।
- दो दिन के इस शांतिकालीन अभ्यास में तीनों नौसेनाएं ने सतह पर युद्ध अभ्यास, हथियारों से फायरिंग और नौसैनिक करतब जैसे विभिन्न अभ्यास किये।
- **नोट:** भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित सिटमैक्स का **पहला संस्करण** सितम्बर, 2019को पोर्ट ब्लेयर से कुछ दूर सागर में किया गया था।

### 4. दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहर रैंकिंग में केवल एक भारतीय शहर शामिल :

- रेजोनेंस कंसल्टेंसी लिमिटेड द्वारा जारी की गई सूची के अनुसार दुनिया में ,2021 के लिए शीर्ष 10 शहर हैं - **1.** लंदन, **2.** न्यूयॉर्क, **3.** पेरिस, **4.** मॉस्को, **5.** टोक्यो, **6.** दुबई, **7 .** सिंगापुर, **8.** बार्सिलोना, **9.** लॉस एंजिल्स, और **10.** मैड्रिड।
- **सूची में भारत का केवल एक शहर है। दिल्ली इस सूची में 62 वें स्थान पर है।**
- स्थानीय लोगों और आगंतुकों द्वारा छह कोर श्रेणियों में वर्गीकृत 25 क्षेत्रों में सांख्यिकीय प्रदर्शन और गुणात्मक मूल्यांकन के संयोजन का उपयोग करते हुए रेजोनेंस ,कंसल्टेंसी एक

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series
ENROL NOW

लाख से अधिक की आबादी के साथ दुनिया के सबसे अच्छे शहरों को रैंक करती है। यह उन शहरों की पहचान करता है जो स्थानीय लोगों, आगंतुकों, और व्यवसाय के लोगों के लिए सबसे अधिक वांछनीय हैं।

5. **श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' को वातायन लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया**

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' को वर्चुअल माध्यम से आयोजित समारोह में वातायन लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- **वातायन इंटरनेशनल अवाड्र्स** लंदन में वातायन-UK संगठन द्वारा संबंधित क्षेत्रों में अपने कार्यों के लिए कवियों, लेखकों और कलाकारों को सम्मानित करने के लिए प्रदान किए जाते हैं।
- **नोट:** श्री पोखरियाल को इससे पहले साहित्य और प्रशासन के क्षेत्र में कई पुरस्कार मिल चुके हैं, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा साहित्य भारती अवार्ड और पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा साहित्य गौरव सम्मान सहित अन्य शामिल हैं।

6. **कर्नाटक के गवर्नर ने ISRO के चेयरमैन को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की**

- कर्नाटक गवर्नर वजुभाई वाला ने ISRO चेयरमैन के सिवन को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद डॉक्टरेट प्रदान की।
- विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है।
- **नोट:** सिवन 1982 में ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान )PSLV (परियोजना में भाग लेने के लिए ISRO में शामिल हुए। उन्हें 2 जुलाई 2014 को ISRO के तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। 1 जून 2015 को, वह विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के निदेशक बने।
- जनवरी 2018 में सिवन को ISRO का प्रमुख नियुक्त किया गया और उन्होंने 15 जनवरी को पदभार ग्रहण किया। उनकी अध्यक्षता में ,इसरो ने चंद्रयान 2, चांद पर दूसरा मिशन, 22 जुलाई 2019 को लांच किया था।

7. **केंद्रीय मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर ने ई बुक-'द रिपब्लिकन एथिक वॉल्यूम-III' और 'लोकतंत्र के स्वर' का अनावरण किया**

- केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर ने दो ईबुक्स- 'द रिपब्लिकन एथिक वॉल्यूम-III' और 'लोकतंत्र के स्वर' का अनावरण किया।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

- इस किताब की हार्ड कॉपी का अनावरण रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने किया था।
- **किताब के बारे में :**'द रिपब्लिकन एथिक वॉल्यूम-III', भारत के राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के कार्यकाल के तीसरे वर्ष में विभिन्न अवसरों पर दिए गए भाषणों का संकलन है।
- 8 भागों में कुल 57 भाषण इसमें शामिल किए गए हैं जो श्री कोविंद के विचारों और संवेदनाओं को प्रकट करते हैं। भारत की नई सोच और प्रगति जिसकी जड़ें ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित है, उसे श्री कोविंद ने अपने अभिवादनों में प्रकट किया है।
- **नोट:** भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग ने 'लोकतन्त्र के स्वर' और 'द रिपब्लिकन एथिक' का प्रकाशन किया है।

## 8. ATP फाइनल्स 2020

(मेंस टेनिस टूर्नामेंट -लंदन, ग्रेट ब्रिटेन, 15 नवंबर -22 नवंबर(

- **सिंगल्स**
  **विजेता:** डेनिल मेदवेदेव
  **उप विजेता:** डोमिनिक थिएम
- **डबल्स**
  **विजेता:** वेस्ले कूलहॉफ, निकोला मेक्टिक
  **उप विजेता:** जर्गेन मेल्ज़र, एडवर्ड रोजर वैसेलिन

## 9. असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई का 86 वर्ष की उम्र में निधन

- तरुण गोगोई एक भारतीय राजनेता थे, जिन्होंने 2001 से 2016 तक असम के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने 18 मई 2016 को असम के मुख्यमंत्री के रूप में लगातार 15 वर्ष पूरे किए और सबसे लंबे समय तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे।
- गोगोई ने लोकसभा में संसद के सदस्य के रूप में 6 बार सेवा की।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series
ENROL NOW